an>

Title: Need to add one A.C.3 Tier and a sleeper coach to 18473 Jodhpur-Puri Express.

श्री आलोक संजर (भोपाल) : सभापति महोदय, भोपाल निवासियों की जयपुर-जोधपुर की यात्रा सुगम बनाने के लिए मैं रेल मंत्री जी का ध्यान आपके माध्यम से आकृष्ट करना चाहता हूं। भोपाल से जोधपुर तक जाने के लिए सप्ताह में सिर्फ एक ही ट्रेन है, जो कि जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस है। इसमें भोपाल से यात्रा करने वालों के लिए कोटा बहुत कम है। मैं रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि इस ट्रेन को कृपया नियमित किया जाए। अगर इसे तत्काल नियमित न भी किया जाए या न कर सकते हों तो फिलहाल उस ट्रेन में एक थर्ड एसी और एक स्लीपर कोच लगाने की व्यवस्था की जाए। अगर ऐसा होगा तो भोपालवासियों को सुविधा प्राप्त होगी।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं, यह मेरा सुझाव है कि भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस 19712 में भी एक थर्ड एसी और एक स्लीपर कोच जोड़ा जाए, जिसे चित्तौड़गढ़ स्टेशन पर काट दिया जाए। साथ ही खजुराहो एक्सप्रेस 19665 में जोड़ेंगे और वापसी में भी अगर यह क्रम जारी रहता है तो वहां के व्यापारियों को और पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी।